मांग — सीएमओ से जांच की मांग कर भुगतान पर रोक लगाने की मांग की

# सभापति ने अमृत 2.0 योजना के कार्यों के गुणवत्ता लेकर खड़े किये सवाल

**नवभारत न्यूज**
**चौरई, 22 अगस्त, चौरई नगर पालिका के जल कार्य सभापति ने महेंद्र वर्मा अपनी ही परिषद के कार्यकाल में हो रहे अमृत 2.0 योजना के कार्यों की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े किये है उन्होंने बताया कि इस योजना से संबंधित ठेकेदार उक्त कार्य 9 अक्टूबर 2024 से किया जा रहा है संबंधित ठेकेदार द्वारा बहुत ही लापरवाही पूर्वक गुणवत्ताहीन कार्य किया जा रहा है।**



इस दौरान 22 महिनो में संबन्धित ठेकेदार द्वारा मात्र 50त्न ही कार्य किया गया है। वर्तमान में पेयजल टंकी का निर्माण कार्य व पेयजल वितरण पाइप लाइन का कार्य भी पूर्ण नहीं किया गया है।

गुणवत्ताहीन का जीता जागता उदाहरण वार्ड क्रमांक 06 में अमरवाड़ा रोड कृषि उपज मंडी के पास पेयजल वितरण पाइप लाइन दिनांक 20 अगस्त को डाली गई जो ऊपर ऊपर 6 इंच की खुदाई कर डाली गई, जो अलग ही दिख रही है, जबकी पाइप लाइन को जमीन की सतह से 1 मीटर नीचे गड्ढा खोदकर डालने का नियम है ऐसे में यदि पेयजल आपूर्ति के दौरान पाइप लाइन फूटेगी हो पेयजल व्यवस्था प्रभावित होगी व नगर पालिका प्रशासन को भी ठीक कराने में आर्थिक नुकसान होगा ओर आमनागरिक भी परेशान होंगे। सभापति ने नगर में संबंधित ठेकेदार द्वारा रहे अमृत 2.0 योजना के संपूर्ण कार्यों की गुणवत्ता की जांच कराने एवं भुगतान पर रोक लगाये जाने की व इस आशय का एक पत्र चौरई सी एम ओ को सौपा।

# धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के लिए 'सुरक्षापीठ अभियान' का आगाज

**नवभारत न्यूज**
**अमरवाड़ा, 22 अगस्त, नगर के धार्मिक स्थलों की सुरक्षा और शांति व्यवस्था मजबूत करने के उद्देश्य से गौलक्ष्मी सेवा समिति, पुलिस विभाग एवं नगर रक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में 'सुरक्षापीठ अभियान' शुरू किया गया।**



अभियान की शुरुआत श्री संकट मोचन बर्दिया हनुमान मंदिर से हुई,जहां एसडीओपी श्रीमती कल्याणी वरकड़े के मार्गदर्शन में समिति द्वारा आधुनिक सीसीटीवी कैमरे स्थापित कर समर्पित किए गए। इस कार्य में मंदिर समिति एवं नगरवासियों का सहयोग रहा। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि जनसहयोग से नगर के प्रमुख मंदिरों,शक्तिपीठों और धार्मिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। पहले से लगे कैमरों को पुलिस के दिशा-निर्देशानुसार अपग्रेड कर उनकी कवरेज भी दुरुस्त की जाएगी। सीसीटीवी से असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगेगी और किसी घटना की स्थिति में पुलिस को त्वरित कार्रवाई में मदद मिलेगी।

# शारदा मठ महिला मंडल ने मनाया हरियाली महोत्सव



**नवभारत न्यूज**
**अमरवाड़ा, 22 अगस्त, हरियाली महोत्सव के उपलक्ष में शारदा मठ महिला मंडल द्वारा हरियाली तीज मनाई गई राजपूत ढाबा में प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति नितिन तिवारी द्वारा सभी को वृक्षा रोपण हेतु वृक्ष प्रदान किए गए।**

आयोजन में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति नितिन तिवारी , ममता तिवारी, गीता शुक्ला लक्ष्मी ठाकुर शारदा विश्वकर्मा, सुधा तिवारी माया डेहरिया ,रोशनी सक्सेना ,रजनी सिसोदिया, रीना ठाकुर, भारती शुक्ला ,रश्मि शुक्ला , सुनीता राजकुमारी प्रमिला अन्य महिला शामिल रही।

# कांग्रेस सेवादल की प्रदेश स्तरीय बैठक में छिंदवाड़ा का प्रतिनिधि मंडल शामिल

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 22 अगस्त, मध्यप्रदेश कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन, शिवाजीनगर भोपाल में शनिवार को कांग्रेस सेवादल की प्रदेश स्तरीय एक दिवसीय महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कांग्रेस सेवादल, महिला कांग्रेस सेवादल एवं कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के पदाधिकारियों, संभागीय एवं जिला प्रभारियों तथा जिला अध्यक्षों ने भाग लिया।**




बैठक में छिंदवाड़ा जिले से कांग्रेस सेवादल जिला अध्यक्ष दीपक वाजपेयी, महिला कांग्रेस सेवादल जिला अध्यक्ष डॉ. शबाना यास्मीन खान एवं कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड जिला अध्यक्ष पंचम अमरोदे ने शामिल होकर जिले का प्रतिनिधित्व किया। बैठक में संगठन को बूथ से लेकर जिला स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने और आगामी समय में आयोजित होने वाले संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं कार्ययोजना तैयार करने पर भी मंथन हुआ। प्रदेश स्तरीय बैठक में संगठन की गतिविधियों को गति देने और कांग्रेस सेवादल के तीनों विंग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में मिले दिशा-निर्देशों को जिले के कार्यकर्ताओं तक पहुंचाकर आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने की बात कही गई। छिंदवाड़ा के तीनों जिला अध्यक्षों की सहभागिता को संगठन की एकजुटता और सक्रियता के रूप में देखा जा रहा है।

# वार्ड नंबर 7 में पेवर ब्लॉक सड़क का भूमि पूजन



**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 22 अगस्त, वार्ड नंबर 7 में पेवर ब्लॉक सड़क का भूमि पूजन नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे एवं पार्षदों की उपस्थिति में किया गया। नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव ने वार्ड वासियों की मांग को ध्यान रखते हुए वार्ड क्रमांक 07 में तेवर ब्लॉक सड़क मार्ग का निर्माण कार्य सुरेश शर्मा के निवास से अल्लाह रखखा के निवास तक यह मार्ग का निर्माण किया जाना है।**

उक्त मार्ग निर्माण पर वार्ड वासियों ने नगर पालिका परिषद के प्रति आभार व्यक्त किया। जन समस्या के निराकरण की ठोस पहल मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती नेहा धुर्वे विभाग के उपयंत्री अनुराग सरिया सहित नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे ने किया। इस अवसर पर सभापति संजय जैन,वार्ड पार्षद श्रीमती गीता वाइकर, प्रमोद बंदेवार ,राजेंद्र सूर्यवंशी, नगर पालिका कर्मचारी एवं वार्ड वासी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## समाज को नई दिशा देते है अन्नाभाऊ साठे के विचार

**छिंदवाड़ा।** सौंसर में साहित्य सम्राट अन्नाभाऊ साठे समिति एवं मुक्ता सालवे महिला मंडल के तत्वावधान में महाराष्ट्र के महान लोक शाहीर, साहित्य सम्राट, समाज सुधारक और जनकवि अन्नाभाऊ साठे की 106 वी जंयती मनाई गई। अन्नाभाऊ साठे सांस्कृतिक भवन में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद बंटी विवेक साहू ने की। इस दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने विधिवत पूजा अर्चना करके अन्नाभाऊ साठे की प्रतिमा स्थापित करने के लिए भूमिपूजन भी किया। इस दौरान सांसद बंटी विवेक साहु ने प्रतिभाशालियों का शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेट कर सत्कार भी किया।

# चिंता हरण हनुमान मंदिर में विशाल भंडारे का हुआ आयोजन



**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 22 अगस्त, नगर के वार्ड क्रमांक 4 तहसील रोड स्थित श्री चिंता हरण हनुमान मंदिर में प्रति सप्ताह पूजन अर्चन उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।**

शनिवार 22 अगस्त को भी स्थानीय नन्हे मुन्ने भक्तों द्वारा श्री हनुमान जी के दरबार में पूजन अर्चन के उपरांत शाम 5 बजे से विशाल भंडारा मंदिर परिसर में वितरित किया गया इस दौरान वार्ड के नन्हे मुन्ने बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# चौरई के वार्डों में फैली गंदगी से, बढ़ता मच्छरों का आतंक

### रोकथाम के लिए वार्ड पार्षद ने नापा सीएमओ को लिखा पत्र

**नवभारत न्यूज**
**चौरई, 22 अगस्त, नगर सहित वार्डो में बरसात के मौसम में लड़खड़ाई सफाई व्यवस्था एवं बढ़ती गंदगी से वार्डो में बढा मच्छरों का आतंक रोकथाम के लिए वार्ड नंबर 13 की पार्षद श्रीमती चित्रा अंकित पांडे ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पत्र के माध्यम से वार्ड सहित नगर की सफाई व्यवस्था में सुधार एवं मच्छरों के बढ़ते प्रकोप को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग।**

उन्होंने पत्र के माध्यम से दवा छिड़काव एवं फॉग मशीन का प्रयोग कर नालियों में बज बजती गंदगी तथा सफाई व्यवस्था में शीघ्र अति शीघ्र सुधार करने उल्लेख किया । उन्होंने बताया कि बरसात में गंदगी के चलते मच्छरों के प्रकोप से वार्डो में डेंगु, मलेरिया सहित कई संक्रामक बीमारियों के फैलने की संभावना बनी हुई है। इन्हीं सब की रोकथाम हेतु उपरोक्त समस्या को दृष्टिगत रखते हुए शीघ्र निराकरण की मांग रखी इसके अलावा मच्छरों के बढ़ते आतंक से नगर के नागरिक गण भी परेशान है निजात दिलाने के लिए फॉग मशीन की मांग लगातार कर रहे हैं।

# विधायक शाह के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने थामा भाजपा का दामन

### कांग्रेस के पदाधिकारी, सरपंच, पंच, जनपद सदस्य एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता भाजपा में शामिल

**नवभारत न्यूज**
**हर्रई, 22 अगस्त, अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी को उस समय बड़ी मजबूती मिली, जब विधायक राजा कमलेश शाह के नेतृत्व में कांग्रेस संगठन से जुड़े पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं सहित कुल 21 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।**



जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में नवागत कार्यकर्ताओं का भाजपा परिवार में आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला संगठन प्रभारी आदित्य बबला शुक्ला, भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, पूर्व जिला महामंत्री उत्तम ठाकुर, टीकाराम चंद्रवंशी, दीपक नेमा एवं शैलेंद्र पटेल की उपस्थिति में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए कार्यकर्ताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई।

### कांग्रेस के बड़े चेहरे भाजपा में आए

भाजपा में शामिल होने वालों में कांग्रेस से जुड़े कई प्रमुख नाम शामिल हैं। इनमें कांग्रेस क्षेत्रीय अध्यक्ष घोगरी जमना प्रसाद परतेती, कांग्रेस जनपद सदस्य साजवा मकर लाल इनवाती, वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता छोटे लाल सलाम, बिज्जू उइके, रामकिशोर इनवाती, कृष्णा उइके एवं जयकुमार यादव सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हैं। इसी क्रम में क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से जुड़े सरपंच एवं पंचों ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इनमें रामू उइके, रामदास सलाम, राम प्रसाद इनवाती, भूमन लाल धुर्वे, सीताराम धुर्वे, शिवप्रसाद परतेती, दुर्गेश उइके, मकल सिंह उडके, सुनील पंद्राम, अमल चंद उइके एवं रामकुमार सिरसाम सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हैं।

बैठक — महंगाई, रोजगार गारंटी, चंदा चोरी सहित जनहित के मुद्दों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन की बनी रणनीति

# संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने विधायक ने ली ब्लॉक कांग्रेस की बैठक

**नवभारत न्यूज**
**तामिया/जुन्नारदेव, 22 अगस्त, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तामिया की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक शनिवार को दोपहर 12 बजे आयोजित की गई। बैठक में जुन्नारदेव विधायक सुनील उईके, ब्लॉक कांग्रेस पर्यवेक्षक घनश्याम तिवारी एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर जी ने कांग्रेसजनों को संबोधित किया।**



बैठक में संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत एवं प्रभावी बनाने पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस, मंडलम कांग्रेस, पंचायत कांग्रेस, बूथ कमेटियों एवं बीएल -2 की नियुक्ति तथा उनके दायित्वों के विभाजन को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक सुनील उईके ने कहा कि कांग्रेस संगठन की वास्तविक ताकत उसके जमीनी कार्यकर्ताओं में है। इसलिए प्रत्येक बूथ को सक्रिय करते हुए कांग्रेस के विचारों, नीतियों और जनहित के मुद्दों को घर-घर तक पहुंचाने तथा अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने की दिशा में प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाएगी। बैठक में क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर भी गंभीर चर्चा हुई। महंगाई, बेरोजगारी, खाद-बीज की समस्या, शिक्षा, स्कूलों की व्यवस्थाएं, स्वास्थ्य सुविधाएं एवं बिजली से जुड़ी समस्याओं को लेकर व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने और आमजन की समस्याओं को मजबूती से उठाते हुए आगामी आंदोलन की रणनीति तैयार करने का निर्णय लिया गया। बैठक में राम मंदिर निर्माण के नाम पर एकत्र किए गए चंदे से जुड़ी कथित अनियमितताओं/चंदा चोरी के आरोपों को लेकर भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा तथ्यात्मक जानकारी आमजन तक पहुंचाने तथा इस मुद्दे को घर-घर तक ले जाने की कार्ययोजना पर चर्चा की गई। विधायक सुनील उईके ने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी ऊर्जा के साथ जमीनी स्तर पर सक्रिय रहने का आह्वान किया। वहीं पर्यवेक्षक घनश्याम तिवारी ने संगठन सृजन अभियान के तहत प्रत्येक स्तर की कांग्रेस कमेटी को सक्रिय और जवाबदेह बनाने पर जोर दिया।

**(आदेश 5 नियम 20 व्य.प्र.सं. 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)**

(व्यवहार वाद वास्ते फूलसिंग उइके उर्फ पिलाजी उइके पिता गुद्दुम उइके दोनो नाम एक ही व्यक्ति के है कि घोषणा हेतु नोटिस (व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 की धारा)
न्यायालय-राहुल सोनी, प्रथम व्य. न्या. कनि. खण्ड, के न्यायालय के प्रथम अति. न्यायाधीश जुन्नारदेव, जिला छिन्दवाडा (म.प्र.)
फूलसिंग उइके ...वादी
विरूद्ध
पिलाजी उइके वगैरह ...प्रतिवादीगण
बनाम
प्रतिवादी क्रं. 04, सर्वसाधारण जिसका इससे संबंध हो। ऐसा जो कि वादी के द्वारा मेरे समक्ष एक व्यवहार वाद वास्ते फूलसिंग उइके उर्फ पिलाजी उइके पिता गुद्दुम उइके दोनो नाम एक ही व्यक्ति के है कि घोषणा हेतु वाद प्रस्तुत किया है जिसका व्यवहार वाद कमांक आर. सी.एस.ए. कं. 50/2026 है, पक्षकार फूलसिंग उइके उर्फ पिलाजी उइके वि0 पूनाजी वगैरह जिसकी सुनवाई दिनांक 29.09.2026 के लिए नियत है। आप प्रतिवादी कं. 04 को सूचित किया जाता है कि उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक को दिन के 11:00 बजे मेरे न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष रखे, अन्यथा अनुपस्थित होने की दशा में प्रकरण की सुनवाई आपकी गैरहाजरी में की जावेगी। उक्त दिनांक को अवकाश होने की दशा में अगले दिन प्रकरण की सुनवाई की जावेगी। आज दिनांक 21.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा लगाकर जारी किया है। यह कि उक्त प्रकरण माननीय न्यायालय के समक्ष आज दिनांक को प्रतिवादीगण की उपस्थिति हेतु नियत है।
जुन्नारदेव
दिनांक 21.08.2026
(राहुल सोनी)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड के न्यायालय के प्रथम अति. न्यायाधीश
जुन्नारदेव, जिला छिंदवाड़ा(म.प्र.)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सेवा सहकारी समिति मर्या. दमुआ
रत्नेश पाटकर प्रशासक | योगेश मोहबे प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति मर्या. नवेगांव कलां
रत्नेश पाटकर प्रशासक | अभिषेक बेलवंशी प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति मर्या. घानाउमरी
शशिकला कुलदीप प्रशासक | गुनामरा यदुवंशी प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति मर्या. छिंदीकामथ
राजेन्द्र कामले प्रशासक | गोकल यदुवंशी प्रबंधक
एवं समस्त स्टाफगण

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सोनल पारधी
पी.एच.ई. विभाग अधिकारी
सौजन्यः- समस्त स्टाफ पी.एच.ई. विभाग, जुन्नारदेव

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें!
वन परिक्षेत्र दमुआ
धर्मेन्द्र शर्मा
रेंजर दमुआ

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें!
पुलिस थाना दमुआ
पुलिस अधीक्षक-अजय पाण्डेय
एसडीओ(पी)-सोनम पाटिल
थाना प्रभारी-प्रमोद सिरसाम

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें!
लक्ष्य इण्डेन गैस
दमुआ

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें!
ग्रा.पं.डुंगरिया भरदागढ
सरपंच-श्रीमती अलका परतेती
सचिव-ओमप्रकाश गुजरे
जीआरएस-सूरज फलके
उपसरपंच-श्रीमती राखी पाटिल

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें!
ग्राम पंचायत राखीकोल
सरपंच-श्रीमती ललिता दर्शमा
सचिव-ओमप्रकाश गुजरे
जीआरएस-कमलकांत बोबड़े
उपसरपंच-श्रीमती जामवती नागवंशी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें!
संस्कार कंट्रक्शन
कालीछापर नन्दन
प्रो.राम मालवीय

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें!
देशी विदेशी मदिरा दुकान
दमुआ
देशी विदेशी मदिरा दुकान
रामपुर
ठेकेदार-मनीष शिवहरे

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें!
सांदीपनि विद्यालय दमुआ
संस्था प्राचार्य
श्रीमती गौरी कैलाबाग